**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या. 3***

**(सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)**

**'निवेशक दीदी' - दूसरा चरण**

***3. श्री मनोज तिवारी:**
**श्रीमती कमलजीत सहरावतः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क) 'निवेशक दीदी' - दूसरा चरण संबंधी पहल के उद्देश्यों और प्रमुख घटकों का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) इस चरण में, विशेषकर देश के आकांक्षी और अर्ध-शहरी जिलों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने, पहुंच का विस्तार करने और इंटरएक्टिव प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;**

**(ग) इस पहल के अंतर्गत विशेषकर महाराष्ट्र के जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार अब तक कितने जागरूकता कार्यक्रम अथवा शिविर आयोजित किए गए हैं;**

**(घ) सरकार की उक्त पहल के अंतर्गत अब तक आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों अथवा शिविरों से लाभान्वित होनेवाली महिलाओं का हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) क्या निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने विशेषकर राजस्थान के राजसमंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वित्तीय शिक्षा और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए किन्हीं संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों या जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले संगठनों के साथ भागीदारी की है;**

**(च) यदि हां, तो अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है और देश भर में विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में 'निवेशक दीदी' पहल के विस्तार के लिए भावी कार्य योजना क्या है; और**

**(छ) मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निवेशक दीदी - दूसरा चरण संबंधी पहल के लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है?**

**उत्तर**

**वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)**

(क) से (छ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**“निवेशक दीदी” - दूसरा चरण” के संबंध में दिनांक 01 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 3* के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क):** निवेशक दीदी- चरण II पहल, जो 7 अप्रैल 2025 को शुरू हुई, का उद्देश्य ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में महिलाओं के बीच वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, जानकारीपूर्ण बचत और निवेश निर्णयों को बढ़ावा देना, वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षित डिजिटल वित्तीय कार्यप्रणालियों को आगे बढ़ाना, समुदाय-आधारित "महिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिए" मॉडल को अपनाना, घरेलू वित्तीय नियोजन को मजबूत करना और दूरदराज के क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता और बैंकिंग पहुंच को बढ़ावा देना है।

**(ख):** इस चरण में निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) **वित्तीय जागरूकता को मजबूत करना**: व्यापक वित्तीय जागरूकता सामग्री को अपडेट किया गया है, जिसमें बचत, बजट, जिम्मेदार ऋण उपयोग, डिजिटल वित्तीय सेवाओं, बीमा, निवेश और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है।

(ii) **आउटरीच विस्तार:** इस कार्यक्रम ने ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी पहुंच को काफी मजबूत किया है। अधिकांश शिविर उन क्षेत्रों में आयोजित किए जाते हैं जहां सीमित या कोई बैंकिंग पहुंच नहीं है। एसएचजी और महिला मंडलों की मदद से आंगनवाड़ियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), पंचायत हॉल और केवल महिलाओं की सभाओं में शिविर आयोजित किए जाते हैं। निवेशक दीदियां घरों और आस-पड़ोस का भी दौरा करती हैं, वित्तीय शिक्षा को विशेषकर उन क्षेत्रों में उनके दरवाजे तक लाती हैं, जहां गतिशीलता सीमित है।

(iii) **इंटरएक्टिव प्रशिक्षण मॉड्यूल:** मॉड्यूल ग्रामीण परिवारों के लिए सरल, आकर्षक और प्रासंगिक हैं। वे परिवार के बजट, बचत की आदतें, सुरक्षित डिजिटल भुगतान (यूपीआई सहित) और धोखाधड़ी की रोकथाम को कवर करते हैं। प्रशिक्षण में कथाकारिता, समूह कार्यकलापों, भूमिका निभाने, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर प्रदर्शन और सहकर्मी सीखने जैसे भागीदारी विधियों का उपयोग किया जाता है।

**(ग):** 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए देश में इस पहल के तहत अब तक आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों या शिविरों की संख्या का राज्य-वार और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण, अनुलग्नक I में दिया गया है। महाराष्ट्र के जलगांव लोकसभा क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में कोई जागरूकता कार्यक्रम या शिविर आयोजित नहीं किए गए। इसके अतिरिक्त, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में जिलों द्वारा शिविरों की सूची अनुलग्नक-II में दी गई है।

**(घ):** इस पहल में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों की राज्यवार संख्या अनुलग्नक III में दी गई है।

**(ङ) और (च):** निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफ़ए) ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए "निवेशक दीदी" कार्यक्रम के तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के साथ भागीदारी की थी। अखिल भारतीय स्तर पर इस पहल की पहुंच और परिणाम का विस्तार करने के लिए 7 अप्रैल, 2025 को आईपीपीबी के साथ निवेशक दीदी चरण II का शुभारंभ किया गया है। निवेशक दीदी चरण 2 में राजस्थान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल सहित देश भर में महिलाओं सहित ग्रामीण और अर्ध शहरी आबादी को लक्षित करते हुए 4000 वित्तीय साक्षरता शिविरों की परिकल्पना की गई है। लगभग 40,000 महिला डाक कर्मचारियों को सामुदायिक वित्तीय शिक्षकों के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल जमीनी स्तर पर वित्तीय शिक्षा प्रदान करने के लिए डाक कर्मचारियों की व्यापक ग्रामीण उपस्थिति का लाभ उठाती है।

**(छ):** मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निवेशक दीदी चरण-II पहल के लाभार्थियों की कुल संख्या शून्य है।

*****

**अनुलग्नक I**

**आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों/शिविरों का राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण (2022-23 से 2025-26)**

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-23 (चरण- I) | 2023-24 (चरण- I) | 2025-26 (चरण- II) | आयोजित शिविरों की संख्या (चरण- I और II) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | 3 | 3 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | - | 50 | 113 | 163 |
| 3. | असम | - | 7 | - | 7 |
| 4. | बिहार | - | 19 | - | 19 |
| 5. | चंडीगढ़ | - | 1 | - | 1 |
| 6. | छतीसगढ़ | - | 21 | 32 | 53 |
| 7. | दिल्ली | - | 11 | 4 | 15 |
| 8. | गुजरात | - | 29 | 4 | 33 |
| 9. | हरियाणा | - | 54 | - | 54 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | - | 25 | 5 | 30 |
| 11. | जम्मू और कश्मीर | 2 | 11 | 5 | 18 |
| 12. | झारखंड | - | 8 | 16 | 24 |
| 13. | कर्नाटक | - | 67 | 74 | 141 |
| 14. | केरल | - | 35 | 13 | 48 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 2 | 88 | 30 | 120 |
| 16. | महाराष्ट्र | 2 | 34 | - | 36 |
| 17. | मणिपुर | - | - | 4 | 4 |
| 18. | मेघालय | - | 6 | - | 6 |
| 19. | मिजोरम | 8 | 6 | - | 14 |
| 20. | नागालैंड | - | 10 | - | 10 |
| 21. | ओडिशा | - | 96 | 65 | 161 |
| 22. | पुडुचेरी | - | 6 | 2 | 8 |
| 23. | पंजाब | - | 21 | - | 21 |
| 24. | राजस्थान | - | 22 | 10 | 32 |
| 25. | सिक्किम | - | - | 5 | 5 |
| 26. | तमिलनाडु | 2 | 269 | 78 | 349 |
| 27. | तेलंगाना | - | 45 | 92 | 137 |
| 28. | त्रिपुरा | - | 2 | 4 | 6 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | - | 80 | 65 | 145 |
| 30. | उत्तराखंड | - | 20 | 5 | 25 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 2 | 49 | 153 | 204 |
| | **कुल योग** | **18** | **1092** | **782** | **1892** |

अनुलग्नक II

## बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में जिलों के अनुसार शिविरों की सूची

| क्रम संख्या | शाखा/जिला | राज्य | शिविरों की संख्या (चरण- I और चरण- II) |
|---|---|---|---|
| 1. | दरभंगा | बिहार | 1 |
| 2. | गया | बिहार | 5 |
| 3. | हाजीपुर | बिहार | 6 |
| 4. | कटिहार | बिहार | 6 |
| 5. | पटना | बिहार | 1 |
| 6. | अंबिकापुर | छत्तीसगढ़ | 2 |
| 7. | बैकुंठपुर | छत्तीसगढ़ | 3 |
| 8. | बालोद | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 9. | बेमेतरा | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 10. | सिविक सेंटर भिलाई | छत्तीसगढ़ | 5 |
| 11. | धमतरी | छत्तीसगढ़ | 6 |
| 12. | जगदलपुर | छत्तीसगढ़ | 3 |
| 13. | जशपुरनगर | छत्तीसगढ़ | 2 |
| 14. | कांकेर | छत्तीसगढ़ | 6 |
| 15. | कोंडागांव | छत्तीसगढ़ | 2 |
| 16. | कोरबा | छत्तीसगढ़ | 2 |
| 17. | महासमुंद | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 18. | मुंगेली | छत्तीसगढ़ | 5 |
| 19. | रायगढ़ | छत्तीसगढ़ | 4 |
| 20. | रायपुर | छत्तीसगढ़ | 8 |
| 21. | सुकमा | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 22. | सूरजपुर | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 23. | चंबा | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 24. | देहरा | हिमाचल प्रदेश | 7 |
| 25. | धर्मशाला | हिमाचल प्रदेश | 3 |
| 26. | एचपी बिलासपुर | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 27. | एचपी हमीरपुर | हिमाचल प्रदेश | 7 |
| 28. | कुल्लू | हिमाचल प्रदेश | 3 |
| 29. | मंडी | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 30. | नाहन | हिमाचल प्रदेश | 4 |
| 31. | शिमला | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 32. | अजमेर | राजस्थान | 9 |
| 33. | बारान | राजस्थान | 4 |
| 34. | भीलवाड़ा | राजस्थान | 2 |
| 35. | बीकानेर | राजस्थान | 1 |
| 36. | चित्तौड़गढ़ | राजस्थान | 1 |
| 37. | चूरू शहर | राजस्थान | 1 |
| 38. | दौसा | राजस्थान | 1 |
| 39. | जयपुर | राजस्थान | 2 |
| 40. | झुंझुनू | राजस्थान | 2 |
| 41. | कोटा | राजस्थान | 4 |
| 42. | मोतीदूंगरी | राजस्थान | 1 |
| 43. | नागौर | राजस्थान | 1 |
| 44. | सीकर | राजस्थान | 1 |
| 45. | टोंक राज | राजस्थान | 1 |
| 46. | उदयपुर | राजस्थान | 1 |

अनुलग्नक III

**निवेशक दीदी चरण- II (2025-26) पहल की महिला प्रतिभागियों की राज्यवार संख्या:-**

| क्रम संख्या | राज्य | महिला प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 92 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 8,510 |
| 3. | असम | 532 |
| 4. | बिहार | 917 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 2,582 |
| 6. | दिल्ली | 995 |
| 7. | गुजरात | 2,606 |
| 8. | हरियाणा | 3,162 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 1,799 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 615 |
| 11. | झारखंड | 1,537 |
| 12. | कर्नाटक | 8,954 |
| 13. | केरल | 3,351 |
| 14. | लेह और लद्दाख | 35 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 7,354 |
| 16. | महाराष्ट्र | 1,945 |
| 17. | मणिपुर | 129 |
| 18. | मेघालय | 545 |
| 19. | मिजोरम | 582 |
| 20. | नागालैंड | 725 |
| 21. | ओडिशा | 12,299 |
| 22. | पुडुचेरी | 410 |
| 23. | पंजाब | 1,059 |
| 24. | राजस्थान | 1,408 |
| 25. | सिक्किम | 205 |
| 26. | तमिलनाडु | 19,431 |
| 27. | तेलंगाना | 5,957 |
| 28. | त्रिपुरा | 547 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | 6,527 |
| 30. | उत्तराखंड | 1,007 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 20,508 |
| | **कुल** | **1,16,325** |

*****